न्यायालय जिला कलेक्टर, दौसा

पीठासीन अधिकारी :— देवेन्द्र कुमार
आई0ए0एस0

प्रार्थना पत्र सं0 105/2023

यूको बैंक शाखा लालसोट जिला दौसा राज0 जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री निखिल आनन्द।
...प्रार्थी

बनाम

1. श्री पप्पू लाल गुर्जर पुत्र श्री गोपाल गुर्जर
पताः खसरा नंबर 1337, पटटा नंबर 4031, सीताराम कॉलोनी, जमात मण्डी बाईपास रोड, लालसोट
2. श्रीमती फोरन्ती पत्नि श्री पप्पू गुर्जर,
पताः खसरा नंबर 1337, पटटा नंबर 4031, सीताराम कॉलोनी, जमात मण्डी बाईपास रोड, लालसोट

... अप्रार्थीगण/ऋणी

प्रा0 पत्र अ0धा0 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम– 2002 ऋणी/जमानती से बंधक संपत्ति का भौतिक कब्जा लेकर बैंक को दिलाये जाने के लिए।

उपस्थिति : श्रीमती अंजुम, अधिवक्ता प्रार्थी।

आदेश

दिनांकः 28.02.2024

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी यूको बैंक शाखा लालसोट जिला दौसा ने अप्रार्थी/ऋणी को 39,95,000/–(रूपये उन्तालीस लाख पिचानवें हजार मात्र) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ऋण सुविधा उपलब्ध कराते समय ऋणी द्वारा पुनः भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में परिसम्पत्ति के रूप में हाईपोथिकेशन किया गया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा बैंक का ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गयी सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त हेतु **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 के तहत निवेदन किया है।

अधिवक्ता प्रार्थी यूको बैंक शाखा लालसोट जिला दौसा को सुना गया। हमने प्रार्थी यूको बैंक शाखा लालसोट जिला दौसा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र का अवलोकन किया। अप्रार्थीगण ऋणी द्वारा प्रार्थी यूको बैंक शाखा लालसोट जिला दौसा को ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही कर उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थना पत्र एवं शपथ पत्र के अनुसार बंधक रखी गई सम्पत्ति खसरा नंबर 1337, पटटा नंबर 4031, सीताराम कॉलोनी, जमात मण्डी बाईपास रोड लालसोट तहसील लालसोट जिला दौसा राज0. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 286.61 वर्गगज है, जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि संपत्ति के अभिन्न अंग हैं, जो श्री पप्पू लाल गुर्जर पुत्र श्री गोपाल गुर्जर के नाम से है, का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी यूको बैंक शाखा लालसोट जिला दौसा को, किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो तो, नियमानुसार आवश्यक होने पर पर्याप्त पुलिस बल पुलिस अधीक्षक, दौसा ... कर कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार हो ...

आदेश आज दिनांक 28 फरवरी, 2024 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2024.05.14 10:49:38 IST
Reason: SelfAttested

Web Copy - Not Official

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलेक्टर,दौसा